कार्यालय-छात्र कल्याण अधिष्ठाता
(चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ)
अति महत्वपूर्ण

पत्रांकः DSW/PB/ 8955
दिनांकः 14.10.2022

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर,
मेरठ।

विषयः– वित्तीय वर्ष / शैक्षिक सत्र 2022–23 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति दशमोत्तर कक्षाओं से छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन करने हेतु समय–सारिणी निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृप्या उपरोक्त विषयक विशेष सचिव समाज कल्याण अनुभाग–3 के पत्रांक सं0 47 / 2022 / 902 / 26 / 03 / 2022–4(358) 07 टी0सी0 ।।।, दिनांक–02.05.2022 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने करें, जिसके माध्यम से वित्तीय वर्ष / शैक्षणिक सत्र 2022–23 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के अग्रसारित करने हेतु की समय–सारिणी निर्गत किया गया है।

क्रम सं0	प्रकियात्मक कार्यवाही (प्रथम चरण)	समयावधि दशमोत्तर कक्षाऐं हेतु (2022–23)
6.	छात्र / छात्रा द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं सलग्न अभिलेखों से छात्र–छात्रा के समस्त विवरण का शिक्षण संस्थान द्वारा मिलान किया जाना एवं आवेदन पुनः प्राप्त करना, सत्यापित एवं अग्रसारित करना	10 मई 2022 से 07 जुलाई 2022
7.	छात्र / छात्रा द्वारा सही किये गये आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं सलग्न अभिलेखों से छात्र–छात्रा के समस्त विवरण का शिक्षण संस्थान द्वारा मिलान किया जाना एवं आवेदन पुनः प्राप्त करना, सत्यापित एवं अग्रसारित करना।	15 मई 2022 से 13 जुलाई 2022

द्वितीय चरण

क्रम सं0	प्रकियात्मक कार्यवाही (द्वितीय चरण)	समयावधि दशमोत्तर कक्षाऐं हेतु (2022–23)
1.	ऑनलाईन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी छात्र / छात्राओं द्वारा वांछित संलग्नों सहित विभाग में जमा किया जाना है।	08 जुलाई से 07 नवम्बर 2022 तक
2.	सन्देहास्पद डाटा को कारणों सहित छात्र, संस्था एवं कल्याण अधिकारियों के लागिन पर प्रदर्शित किया जाना एव आनलाईन आवेदन में की गयी त्रुटियों को छात्र द्वारा ठीक करना पुनः आवेदन आनलाईन सबमिट किया जाना।	02 दिसम्बर, 2022 से 15 दिसम्बर, 2022 तक
3.	छात्र / छात्रा द्वारा सही किये गये आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं सलग्न अभिलेखों से छात्र–छात्रा के समस्त विवरण का शिक्षण संस्थान द्वारा मिलान किया जाना एवं आवेदन पुनः प्राप्त करना, सत्यापित एवं अग्रसारित करना।	03 दिसम्बर, 2022 से 27 दिसम्बर, 2022 तक

नोट–

1. उक्त समय–सारिणी के समयावधि के अन्तर्गत वार्षिक परीक्षाफल अथवा सेमेस्टर होने की दशा में दोंनों सेमेस्टर का परीक्षाफल घोक्षित होने क बाद / उत्तीर्ण / प्रोन्नत होने पर ही छात्र अपने पूर्व आवेदन पत्र की नवीनीकरण कर सकेंगें।
2. नवीनीकरण के छात्र को केवल अगली कक्षा में प्रवेश की तिथि तथा गत कक्षा का परीक्षाफल व नामांकन संख्या अंकित करते हुए ऑनलाईन आवेदन किया जाना है। नवीनीकरण के आवेदन में कोई अन्य सूचना नहीं भरनी होगी।
3. छात्र द्वारा वार्षिक परीक्षाफल / दोंनों सेमेस्टरों का परीक्षाफल ना निकलने की दशा में Result not yet declared का आप्शन चुनते हुए ऑनलाईन किया जायेगा। ऐसे सभी छात्रों का डाटा संदेहास्पद श्रेणी में रहेगा तथा समय–सारिणी में संदेहास्पद डाटा को सही करने की समयावधि (02 दिसम्बर से15 दिसम्बर 2022

तक) अनिवार्य रूप से परीक्षाफल भरते हुऐ आवेदन पूर्ण करके संस्था से परीक्षाफल अंकित कराते हुए अग्रसारित कराना होगा।

4. विश्वविद्यालय द्वारा छात्र का आवेदन ऑनलाईन अग्रसारित करते समय छात्र का गतवर्ष का परीक्षा (सेमेस्टर होने की दशा में दोंनों सेमेस्टर के अंकों को जोड़ते हुऐ) का प्राप्तांक एवं पूर्णांक (वार्षिक प्रणाली) तथा सी0बी0सी0एस0 प्रणाली के अंतरगत सी0जी0पी0ए0 एवं उपस्थिति 75 प्रतिक्षत का भरना अनिवार्य है।
5. प्रयेक विभाग में अध्यनरत अभ्यर्थियों यदि छात्रवृत्ति एवं शुल्कप्रतिपूर्ति का फार्म यदि पूर्ण कर लिये हों तो विभाग स्तर पर समस्त अभिलेखों (आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, अंकतालिकाऐं) को परिक्षण कर प्रतिदिन छात्रवृत्ति एवं शुल्कप्रतिपूर्ति का फार्म अपने विभागाध्यक्ष/निदेशक /समन्वयक से अग्रसारित कराकर अध्होहस्ताश्री कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करे।

आपसे अनुरोध है कि शासन द्वारा निर्गत समय–सारिणी में आवेदन पत्रों को अग्रसारित करने की अंकित तिथि तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें अन्यथा की स्थिति में छात्र एवं विभाग स्वंय जिम्मेदार होगा।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार

भवदीय,

For Dean

छात्र कल्याण अधिष्ठाता

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ :–

1. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
3. कुलसचिव, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

सहायक छात्र कल्याण अधिष्ठाता

14/10/22